**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 06 मार्च 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को राज्य में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान परिसर की स्थापना के लिए एक प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेजने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस पहल के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।कल चंडीगढ़ में उच्चतर शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षताकरते हुए मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आई आई टी की स्थापना से छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली, विश्व स्तरीय तकनीकी शिक्षा मिलेगी और उन्हें इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में करियर के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान दिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विश्वविद्यालयों में विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करके उच्चतर शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण की दिशा में ही काम करेगी।बैठक में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा और खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम भी मौजूद रहे।

*************************************************************************

हरियाणा सरकार ने वर्ष 2024-25 की रबी फसलों के प्रति एकड़ औसत उत्पादन की सीमा में बढ़ोतरी की है। इस निर्णय से किसानों को फायदा होगा, जो प्रति एकड़ संभावित उत्पादन से अधिक पैदावार होने के कारण अपनी फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेच नहीं पाते ।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रति एकड़ संभावित उत्पादन की सीमा का अध्ययन करने हेतु गठित समिति के सुझावों पर नई सीमा को तय किया गया है। यह निर्णय रबी खरीद सीजन 2025-26 में प्रभावी होगा।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जौ की फसल उत्पादन सीमा 15 क्विंटल से बढ़ाकर 16 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है। चने का औसत उत्पादन सीमा 5 क्विंटल से बढ़ाकर 6 क्विंटल प्रति एकड़ तथा सूरजमुखी का उत्पादन सीमा 8 क्विंटल से बढ़ाकर 9 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है। गर्मी में पैदा होने वाली मूंग की फसल का औसत उत्पादन सीमा बढ़ाते हुए 3 क्विंटल से 4 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है।इसी प्रकार मसूर का औसत उत्पादन अनुमान प्रति एकड़ 4 क्विंटल तय किया गया है। हालांकि, गेहूं का उत्पादन सीमा प्रति एकड़ 25 क्विंटल ही रखा गया है।

*************************************************************************

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने घोषणा की है कि इस वर्ष खेलो इंडिया पैरा खेल 20 से 27 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विश्व के कई खिलाड़ी भाग लेंगे। यह खेलो इंडिया पैरा खेलों का दूसरा संस्करण होगा। इस दौरान लगभग एक हजार 230 पैरा एथलीट छह विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिनमें पेरिस पैरालिंपिक 2024 और चीन के हांग्जो में 2022 में आयोजित एशियाई पैरा खेलों के पदक विजेता भी हिस्सा लेंगे।

कार्यक्रम के अनुसार जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 21 से 26 मार्च तक पैरा एथलेटिक्स, पैरा तीरंदाजी और पैरा पावरलिफ्टिंग खेल स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। वहीं, इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में 20 से 27 मार्च तक पैरा बैडमिंटन और पैरा टेबल टेनिस स्पर्धाओं का आयोजन होगा। डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज 21 से 25 मार्च तक पैरा शूटिंग स्पर्धाओं की मेजबानी करेगा। खेलो इंडिया पैरा खेलें, "खेलो इंडिया" मिशन का हिस्सा है, जो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपने खेल और प्रतिस्पर्धी कौशल को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता है।

*************************************************************************

निर्वाचन आयोग के साथ सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों का दो दिन का सम्मेलन कल नई दिल्ली में संपन्न हो गया। सम्मेलन के दूसरे दिन, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ, प्रमुख सामग्री की समय पर उपलब्धता के लिए प्रत्येक मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रस्तुत कार्रवाई योग्य बिंदुओं की समीक्षा की।समापन संबोधन में श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा कि सभी अधिकारियों को मौजूदा संवैधानिक और कानूनी ढांचे के अनुसार काम करना चाहिए। सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया कि विभिन्न हितधारकों की सुविधा के लिए एक अनुकूलित डैशबोर्ड के साथ एकीकृत सूचना प्रौद्योगिकी व्यवस्था तैयार की जाएगी।सम्मेलन में सूचना प्रौद्योगिकी वास्तुकला, प्रभावी संचार, सोशल मीडिया सम्पर्क बढ़ाने और चुनावी प्रक्रिया में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिकाओं सहित आधुनिक चुनाव प्रबंधन के कई प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की गई।